I welcome this step. In one of the articles, it is clearly said that the hon. Chief Minister of Tamil Nadu has really followed up it, and the Government of India has been very kind.

Let me go back a little bit in time because what has happened is that जिस राज्य से मैं आती हूँ, वहाँ कई वर्षों से तीन-चार मांगें की जा रही हैं । एक तो यह है कि धनगर समाज की मांग है कि उनको ट्राइब में शामिल किया जाए । मराठी में 'धनगर' कहते हैं और नॉर्थ में 'धनगड़' कहते हैं । So, it is only a pronunciation thing. हमारे यहाँ मराठी में 'धनगर' कहते हैं और दिल्ली में 'धनगड़' कहते हैं । बहुत सालों से मांग है कि 'धनगर' और 'धनगड़' एक ही है, तो इनको ट्राइब्स में इनक्लूड किया जाए, यह महाराष्ट्र की वर्षों से मांग है ।

उसी प्रकार से, मराठा समाज हो, मुस्लिम समाज हो, लिंगायत समाज हो, आरक्षण में बदलाव की मांग बहुत सालों से हो रही है । महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के लिए आन्दोलन भी हुआ, 'धनगर' समाज का बहुत बड़ा आन्दोलन महाराष्ट्र में खड़ा हुआ ।

सर, आपको याद होगा कि वर्ष 2013 में, जब केन्द्र में भी हमारी सरकार थी और महाराष्ट्र में भी थी, तो एक बड़ा आन्दोलन हुआ था, उसके बाद भारतीय जनता पक्ष के नेता, जो एक वरिष्ठ युवा नेता हैं, जो वर्ष 2014 में सीएम बने, उन्होंने कहा था कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी, तो कैबिनेट की पहली बैठक में ही 'धनगर' समाज को ट्राइब्स का आरक्षण दे देंगे । मैं वर्ष 2014 की बात कह रही हूँ । उसके बाद कोई कमीशन बनाया गया, लेकिन उसके संबंध कुछ हुआ नहीं । पिछले छ: सालों से यह समाज लड़ रहा है । इसके अलावा, चाहे वह मराठा समाज हो, लिंगायत समाज हो या मुस्लिम समाज हो, महाराष्ट्र में इन सभी समाजों की यह मांग है । वहाँ बहुत सारे एजिटेशंस होते हैं, मोर्चे निकाले जाते हैं ।

इसलिए केन्द्र सरकार से मेरी विनती है कि यदि आप तमिलनाडु के लिए कर सकते हैं, तो आप महाराष्ट्र के लिए क्यों नहीं कर रहे हैं? इससे संबंधित आपके तीन बिल इंट्रोड्यूस हुए । एक उत्तर प्रदेश से संबंधित 'गोंड' के लिए है । आप पीस मील में यानी छोटे-छोटे रूप में लाते हैं । आप ऐसा क्यों नहीं करते हैं, आपकी इतनी बड़ी सरकार है, आपकी 303 सीट्स की स्ट्रेन्थ है ।

महाराष्ट्र में भी आपकी सरकार है और यहाँ भी आपकी सरकार है । इसमें ऐसा क्या है? हमारी मांग यह है कि धनगर, मराठा, लिंगायत और मुस्लिम समाज, जो आरक्षण मांग रहे हैं, उनको दे दीजिए । हमें किसी और का छीनकर आरक्षण नहीं चाहिए । मैं यह स्टैंड क्लीयर करना चाहती हूँ । भले धनगर हो, मराठा हो, लिंगायत हो या मुस्लिम हो, दूसरे का आरक्षण छीनकर किसी को आरक्षण नहीं चाहिए । जिसके लिए जो आरक्षण है, वह वैसा ही रहे और इनके लिए आप अलग से आरक्षण दीजिए, यह हमारी बहुत सालों से मांग है ।

यहाँ भी आपकी सरकार है । राज्य में भी ईडी सरकार आई है, उसमें वह युवा नेता डेप्युटी सीएम बन गए हैं । इसलिए उनका जो भाषण है, मैं वही कह रही हूँ । उन्होंने कहा था कि पहली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा । हफ्ते में कैबिनेट की एक बैठक तो होती है, इस तरह से पाँच साल में पता नहीं कितनी कैबिनेट की बैठक होगी । मेरा गणित इतना अच्छा नहीं है । लेकिन हर हफ्ते के हिसाब से दो-तीन सौ कैबिनेट की बैठक तो हो चुकी है । लेकिन अभी तक तो धनगरों को आरक्षण मिला नहीं है, न ही मराठा समाज को मिला है, न लिंगायतों को मिला है और न ही मुस्लिम समाज को मिला है । मेरी केन्द्र सरकार से विनती है कि पीसमील के रूप में आप जो लाते हैं, तो आप एक व्यापक तरीके से इन सभी समाजों की मांग के अनुसार एक कंप्रिहेंसिव बिल बनाइए और चर्चा कीजिए । इसी से एक अच्छा बदलाव आ सकता है ।

धन्यवाद ।

-

SHRI K. SUBBARAYAN (TIRUPPUR): Hon Chairman Sir, Vanakkam. I welcome and support this Bill. I second the amendment as proposed by Hon Member Shri D. Ravikumar. When this name ends with a suffix 'n' in English, it is considered as inferior. If it is changed with a suffix 'r', then this issue will be addressed. I therefore urge that the caste name "Narikkuravan" should be changed and called as "Narikkuravar". This is a more justifiable and important demand. I second this proposal through you, Sir. I fully agree to the demand raised by Hon. Member Shri D. Jayakumar in this House. A circular from the Ministry was circulated. I should say it was blunder on the part of the Ministry of Social Justice and Empowerment that a circular issued by them calls for withdrawal of the pre-matric scholarships aimed to help the students of STs.

This wrongdoing should be set right. I urge that this circular should be withdrawn with immediate effect. I want you to recall my speech in this august House in April 2022 when such an amendment Bill was brought before this House by the Hon. Minister. I totally agree that Narikkuravar community should be included in the lists of STs. In Tamil Nadu, there is a caste called Malayali. This is a tribal community living in 14 districts of the State of Tamil Nadu. The Government has recognised them as ST in 12 districts. But in Erode district alone, these people belonging to Malayali tribal community are not included in the list of STs. This is gross injustice. I raised this issue in this House in April 2022 and brought to the notice of Hon Minister. But the issues was not resolved. Hon. Minister wrote me a letter stating that if such a proposal is forwarded by the State Government, then the Union Government will consider. I met Hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thiru M. K. Stalin in person and requested him to send a proposal in this regard to the Union Government. I understand from the sources in the Tamil Nadu Government that a proposal was sent by them and it is now pending with the Union Government. Along with the inclusion of Narikkuravar community in the ST list, I urge that this Malayali community of Tamil Nadu, which is not recognised only in Erode district as ST, should be considered for inclusion in the list of STs and necessary amendments should be brought before this House by the Hon Minister atleast during the next Budget Session of Parliament. I want this Government to rectify this error.

HON. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI K. SUBBARAYAN: Sir, within a minute I will conclude.

HON. CHAIRMAN: Ok. Please.

SHRI K. SUBBARAYAN: Sir, many MPs have raised the issue relating to welfare of SCs. I want this Government to come out with a "White Paper" on a particular issue. After visiting Dandakaranya forests the famous writer Ms Arundhati Roy has written an article in which she stated that tribal people who lived in 600 odd villages around this forest area for centuries together, were displaced by the Goondas sent by Vedanta company. This displacement of tribal people by Vedanta should not have been taken place when we have a Tribal woman as our Hon. President. There should be a corrective measure as well. I, on behalf of Communist Party of India, make this fervent appeal to the Hon Minister requesting him to ensure that all the displaced persons should be reallocated in the villages where they originally lived. Thank you.

SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD): Respected Chairman Sir, I thank you very much for allowing me to participate in the discussion on the Constitution (Scheduled Tribes) Order (Second Amendment) Bill, 2022, concerning Scheduled Tribes.

It is a welcome step to expand the list of Scheduled Tribes. However, I take this opportunity to highlight here the problems and difficulties being faced by the tribal community in Attappadi, which is a part of my parliamentary constituency, Palakkad.

Basically, Attappadi is a tribal dominated taluk with a tribal population of over 33,000, out of a total population of over 72,000 people. Some of the tribal hamlets or Ooru, namely, Murugala, Kinattukara, Mele Thudukki, Kalasi, Abbanur under Pudur Panachayat, and Marranatti in Sholayoor Panchayat, nearly about 200 hamlets in Attappadi, lack proper transportation, electricity, drinking water and medical facilities. Nearly 30 hamlets do not have community centres. Nearly 30 Anganwadis are working without permanent structures. The community kitchens working earlier have stopped functioning, resulting in to nutrition deficiency among the tribal folk.

Sir, unemployment is a major issue which prompts the youths to take the path of drug addiction and consumption of liquor. The tribal people were enjoying 200 working days under the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme, but now with the new guidelines, the limitation of worksite to 20 under MGNREGA, the tribal people may not get even 100 working days.

It has been widely reported about the growing number of infant deaths on account of malnutrition. The pregnant women there are on the high risk owing to a slew of health issues such as suffering from diseases like Anaemia, etc. More than 120 infants lost their lives during the last eight years.

There are no basic facilities available to the tribal hamlets falling in the forest areas mentioned earlier, and no vehicle can reach these hamlets in case of emergency. There is an urgent need to construct a bridge over River Bhavani and a road leading to the proposed bridge, so that these people could avail medical treatment.

In the absence of a bridge across river Bhavani, these people have to walk a long-distance carrying patients on their shoulders to reach hospitals. Since the Government Tribal Speciality Hospital at Kottathara does not have much required facilities, they have to travel nearly 100 kilometres for specialized treatment.

Sir, there is no proper internet connectivity in this tribal hamlet which affects the study of tribal students. There is no educational institution like the Jawahar Vidyalaya which has been a demand of the people of this tribal taluk.

Therefore, I urge upon the Government to take immediate steps to address the issues mentioned above in coordination with all concerned for the benefit of Scheduled Tribes community.

With these words, I conclude my speech.

श्री राजू बिष्ट (**दार्जिलिंग**): सभापति जी, दि कांस्टीट्यूशन **(**शेड्यूल्ड ट्राइब**)** आर्डर **(**सैकेंड अमेंडमेंट**)** बिल, 2022 के समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । हमें बहुत गर्व है कि वर्तमान में हमारे देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति इसी ट्राइबल समाज से आती हैं । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, पिछड़े लोगों की तेजी से उन्नति और विकास हो रहा है । आंकड़े स्वयं बताते हैं कि जिस तरह से वर्ष 2013-14 में ट्राइबल मिनिस्ट्री का करीब 25 हजार करोड़ रुपये का बजट होता था, आज वह बढ़कर 90 हजार करोड़ रुपये हो गया है, यानी 360 परसेंट की ग्रोथ है । आदिवासी समाज बिरसा मुंडा जी को अपना भगवान मानता है और हमारे ऐसे स्वतंत्रता सेनानी का जन्मदिन जनजाति गौरव के रूप में मनाता है । यह मोदी जी की ट्राइबल समाज को बहुत बड़ी देन है ।

महोदय, अब मैं दार्जिलिंग के बारे में बोलना चाहूंगा क्योंकि दार्जिलिंग का सांसद होना अपने आप में बहुत सौभाग्य की बात है क्योंकि दार्जिलिंग की अपनी बहुत सी विशेषताएं हैं । भारत में यह एकमात्र जिला है, जिसमें एक तरफ भूटान, बांग्लादेश, नेपाल, तिब्बत कह लीजिए या चीन की सीमा लगती है और एक तरफ बिहार, सिक्किम और असम भी लगता है । 'यूनिटी और डायवर्सिटी' आप किताबों में पढ़ते हैं, लेकिन उसे यदि प्रेक्टिस में आपको देखना है, तो मैं आपका दार्जिलिंग में स्वागत करना चाहूंगा । हर जाति, समाज के लोग यहां मिलजुल कर रहते हैं, यह एक ऐसा विशिष्ट स्थान है । चाहे वहां कि चाय हो, चाहे वहां की टॉय ट्रेन हो या वहां का टूरिज्म हो और हाईड्रो पॉवर से बिजली भी सबसे पहले हिंदुस्तान के अंदर दार्जिलिंग में आई । भारत में बसने वाले करीब डेढ़ करोड़ गोरखा समाज की यह धड़कन है और उनकी आत्मा दार्जिलिंग में बसती है ।

सर, मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत के जो डेढ़ करोड़ गोरखा हैं, आए दिन इनके साथ बहुत अन्याय और अत्याचार होता है । संविधान ने सबको समान अधिकार दिया है, लेकिन कई बार हमें ऐसा लगता है कि शायद ये अधिकार हमारे लिए नहीं हैं । आप यह मानेंगे कि जब कॉंस्टीट्यूएंट असेंबली बनी, जब भारत का संविधान बना, तब उस संविधान के सदस्य बनने वाले दो गोरखा दम्बर सिंह गुरुंग और आरी बहादुर गुरुंग भी थे । इश्यू यह है कि जो भारत नेपाल मैत्री है, उसके कारण दार्जिलिंग और खासकर सिक्किम में रहने वाले गोरखाओं को बार-बार विदेशी और नेपाली नागरिक कहा जाता है । इसके कारण आपने देखा होगा कि कई बार दार्जिलिंग में आंदोलन भी हुए और अलग राज्य की मांग भी हुई । वे अलग विषय हैं, जिन्हें आज मैं नहीं रखूंगा ।

सर, मेरा यह कहना है कि वर्ष 1931 से 1941 तक ट्राइबल स्टेटस गोरखाओं के पास था । ये हिल ट्राइब्स के रूप में जाने जाते थे, लेकिन वर्ष 1951 के बाद बहुत चालाकी से उनके उस अधिकार को उनसे छीन लिया गया । पश्चिम बंगाल के हमारे साथी इस बिल पर बहुत अच्छा भाषण दे रहे थे ।

सर, उन्होंने राष्ट्रपति महोदया का अपमान किया और मेरा उन पर दूसरा आरोप यह है कि दार्जिलिंग जब वर्ष 1954 में बंगाल का हिस्सा बना, तो जमीन को अपना मान लिया गया, लेकिन वहां रहने वाली जनता को इन्होंने अब तक अपना नहीं माना । मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि जो छूटी हुई 11 जनजातियां हैं, उन्हें एसटी का स्टेटस मिले । उसका कारण कुछ और भी है । एफआरए एक्ट-2006 दार्जिलिंग में लागू नहीं है । यहां पर ज्यादातर लोग चाय बागानों में काम करते हैं । इनके पास पट्टा नहीं है । ये यहां पर 200 साल से हैं । वहां की राज्य सरकार आज घुसपैठ कराके अलग-अलग देशों से आने वालों को चाय बागान में बसाकर वहां से गोरखाओं को भगाने का एक बहुत बड़ा षड्यंत्र कर रही है । अगर हम गोरखाओं को एसटी स्टेटस देते हैं, तो उन पर जो बार-बार विदेशी का लांछन लगता है, उससे उनको मुक्ति मिलेगी ।

सर, लेप्चा, दुपका, भूटिया, योल्मा, शेरपा, लिंबू, तमांग ऑलरेडी एसटी में हैं । लिंबू और तमांग जाति को ऑलरेडी वर्ष 2003 में अटल जी के समय में एसटी का स्टेटस मिला है । आज मगर, राई, सुनुवार, याखा, गुरंग, नेवार, खस, धीमल, थामी और भूजेल नामक 11 जनजातियां उस स्टेटस से छूटी हुई हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि उनके बच्चों को एडमिशन मिले, यह उसके लिए नहीं है, लेकिन उन पर जो विदेशी होने का बार-बार लांछन लगता है, वह ठीक नहीं है । वे कास्ट सर्टिफिकेट बनवाने जाते हैं, तो कहा जाता है कि विदेशी हो, पासपोर्ट बनवाने जाते हैं, तो अधिकारी उन्हें इतना तंग करते हैं और कहते हैं कि आप नेपाल से हैं । वोटर आईडी कार्ड बनवाने जाएं, तो भी यही समस्या होती है । इन 11 जनजातियों को अगर हम एसटी स्टेटस दे देते हैं, तो उनकी कई समस्याओं का हल हो जाएगा । मैं स्वयं मंत्री जी से भी कई बार मिला हूं । भारत सरकार ने भी प्रयास किया है और कई बार कमेटियां भी बनी हैं । कमेटियों के माध्यम से काफी अच्छी बातें भी लिखी गयी हैं । अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इसमें ज्यादा देरी न हो और उन्हें जल्द से जल्द यह अधिकार मिले । आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, दूसरा संशोधन विधेयक, 2022 की चर्चा में बोलने का अवसर प्रदान किया ।

महोदय, न्यायिक नियुक्तियों में आरक्षण वर्तमान में जिला न्यायपालिका (उच्च और निम्न) के लिए लागू है । इसने अधीनस्थ अदालतों को मजबूत किया है और विविधता का विस्तार हुआ है, लेकिन वर्तमान में उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति में किसी आरक्षण की व्यवस्था नहीं है । उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं और जिला न्यायाधीशों को बिना किसी आरक्षण के उच्च न्यायालय में पदोन्नत किया जाता है । इसी तरह से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में बिना किसी आरक्षण के पदोन्नत किया जाता है ।

यही कारण है कि आज भी पिछड़े वर्गों यानी एससी, एसटी और ओबीसी को लगता है कि संवैधानिक न्यायालयों की नीतियों और न्यायशास्त्र में उनकी आवाज अनसुनी रहती है । वे संवैधानिक न्यायालयों के न्यायाधीशों के बीच प्रतिनिधित्व को हमारे लोकतांत्रिक संविधान के काम-काज की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक मानते हैं ।

महोदय, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति में एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के लिए आरक्षण ही संरचनात्मक भेदभाव, बहिष्कार से उत्पन्न होने वाले सामाजिक हाशिए के समुदायों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व की कमी को दूर कर सकता है ।

वैधानिक न्यायालयों में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों के समुदायों के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले, इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग के गठन के लिए एक नये कानून के अंतर्गत आरक्षण देकर पात्र उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पर विचार किया जाए । सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ का एक निर्णय गत 7 नवंबर, 2022 को आया, जिसमे संसद में बहुमत से पारित आर्थिक आधार पर सवर्ण गरीबों के लिए लिये गए फैसले पर वैधता की मुहर लगा दी ।

सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने पिछड़े वर्गों के लिए बहुत सारी संभावनाएं और अवसर के द्वार भी खोल दिये हैं । आज इन्दिरा साहनी जजमेंट अप्रासंगिक बनकर रह गया है और पहले की तरह आरक्षण की पूर्व निर्धारित 50 प्रतिशत की सीलिंग टूट गई है । मेरी माँग है कि मंडल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत तय की थी तथा ओबीसी के लिए समानुपातिक आरक्षण की अनुशंसा की थी, लेकिन इस समूह को 27 प्रतिशत ही आरक्षण दिया गया, क्योंकि सीलिंग का मामला था, सुप्रीम कोर्ट का आदेश था । अब जबकि सीलिंग की सीमा टूट गई है तो हर वर्ग समूह को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उनके लिए आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए ।

जाति जनगणना उचित और पारदर्शी तरीके से की जानी चाहिए ताकि सभी जातियों का वास्तविक आंकड़ा इकट्ठा हो सके । 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसको उतनी हिस्सेदारी' का फार्मूला सुनिश्चित हो सके । सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पूरे देश में एक बात की आकांक्षा जगी है कि सीलिंग बढ़ाई जाए ।

इतिहास उठाकर देखें तो पता चलेगा कि पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लेकर अब तक कि सारी सरकारों का रवैया टालमटोल और यथास्थिति बनाये रखने का ही रहा है । कालेलकर आयोग से लेकर मंडल आयोग की यात्रा को देखें तो इनकी अनुशंसा के बाद भी कांग्रेस वर्षों कुंडली मारे बैठी रही । वीपी सिंह ने राजनीतिक दबाव में इसे लागू भी किया तो आधे अधूरे रूपों में । जहां-जहां इसे लागू किया, सरकारों ने नियम कानून में आरक्षण के मसलों को उठाकर खूब सारी विसंगतियाँ पैदा कर दीं । मेरे ही राज्य राजस्थान कि बात करूँ तो 17 अप्रैल, 2018 को ओबीसी आरक्षण को लेकर, राज्य में उस समय बीजेपी की सरकार थी, वह परिपत्र लेकर आई थी, उसके बाद होरिजेंटल आरक्षण में कई प्रकार की विसंगति आई है । ओबीसी वर्ग के युवाओं की 40,000 नौकरियाँ उस परिपत्र के वजह से चली गयीं । सरकारों को यह ध्यान रखना चाहिए की पिछड़े वर्गों के युवाओं की आकांक्षाओं पर कुठाराघात नहीं हो ।

मेरे राज्य का बिश्नोई समाज, जो ग्रामीण एवं कृषक पृष्ठभूमि से संबंध रखता है और जाट समाज से अपना इतिहास साझा करता है । जब विश्नोई पंथ की स्थापना हुई, उस समय सबसे ज्यादा 99 परसेंट जाट नौजवान ही विश्नोई बने थे । इन्हें राजस्थान मे तो ओबीसी में शामिल कर लिया गया है, लेकिन इन्हें केंद्र में ओबीसी में आरक्षण नहीं दिया गया । बिश्नोई समुदाय की आस्था और विश्वास सभी वन्यजीवों की सुरक्षा है और ये एक प्रकार से जाटों के प्राकृतिक सहयोगी रहते हैं । ऐसे में इनका आरक्षण से वंचित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है ।

इसी प्रकार राजस्थान में सिद्ध जाति को राज्य के केन्द्रीय पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग काफी समय से की जा रही है । इसके लिए उक्त जाति आवश्यक मानदंड पूर्ण करती है । सिद्ध जाति भी राजस्थान में जाट समाज से निकली हुई जाति है । इसी प्रकार कायमखानी मुसलमानों को राजस्थान में तो ओबीसी वर्ग में शामिल कर रखा है, परंतु उन्हें केंद्रीय ओबीसी कोटे में अभी तक नहीं लिया गया है । मेरी माँग है की बिश्नोई, सिद्ध और कायमखानी मुस्लिमों के साथ उन तमाम जातियों को केंद्र मे ओबीसी वर्ग के आरक्षण मे सम्मिलित किया जाए, जिन्हें राज्यों में तो ओबीसी आरक्षण का लाभ मिल रहा है, परन्तु वे केंद्र में ओबीसी में सम्मिलित नही हैं ।

महोदय, मेरी एक आखिरी माँग है कि इस देश के कम से कम दस से बारह ऐसे राज्य हैं, जहाँ जाट उस स्टेट में तो ओबीसी के अंदर हैं, लेकिन केंद्र में नहीं हैं । उन तमाम राज्यों के जाटों को भी केंद्र में आरक्षण का हक मिले, उन्हें आरक्षण मिले, यह मेरी सदन से माँग है । धन्यवाद ।

डॉ. थोल तिरुमावलवन (चिदम्बरम): Hon Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for this opportunity. I am happy to welcome this Constitutional Amendment Bill on behalf of Viduthalai Siruthaikal Party. A long pending demand has been fulfilled. I take pride as this is a success to the Viduthalai Siruthaikal Party. I should say that Viduthalai Siruthaikal Party raised this issue for the first time on the floor of Tamil Nadu legislative Assembly. Even though they are in less number, in some thousands, they were unable to avail the benefits of welfare schemes extended to a ST community from the Government. They were deprived of education and employment opportunities. The reason behind that is they were till now kept in the list of Most Backward Classes. Now they will find a place in the ST list. On behalf of Viduthalai Siruthaikal Party, I extend my heartfelt thanks to the Government of Tamil Nadu and the Hon Chief Minister of Tamil Nadu Thiru M.K. Staling for sending a proposal to the Union Government and their efforts for making this happen. There are 17 castes in Tamil Nadu. There is the list of SCs who have the features and cultural aspects relating to that of STs. A guideline should be issued by the Union Government for including these 17 castes in the list of STs. *Baira, Bakuda, Sandi, Bellara, Domban, Godagali, Godda, Gosangi, Holeya, Jaggali. Jambuvulu, Koosa, Kuravan, Nayadi, Vedan* and *Vettuvan* are the castes which are in the list of Scheduled Castes. They are unable to avail the benefits of welfare schemes of the Government meant for STs. I urge that these Castes should be included in list of STs. Not only these castes in Tamil Nadu, other such castes in other States which are in the list of SCs and having the cultural features and aspects of STs, should be included in the list of STs by the Union Government and necessary guidelines be issued. In India 12.6 per cent of people are Inter-State migrants. Approximately 15 Crore people are Inter-State migrants and they mostly belong to SC and ST communities. Since, they are living in another State other than their home State, they can only show their Caste Certificates issued by the home State for getting education and employment. Such people are affected due to a verdict of Hon. Supreme Court. The SCs, STs and OBCs are very much affected excluding the EWS category.

Due to their migration to various places especially people belongs to SC, ST and OBC communities bear the brunt. From Chennai they have migrated to Chandigarh, even Mumbai and Delhi. These people who have migrated to other States can only avail the benefits like education, employment and other welfare measures, only when they are in their home States as caste certificate is issued in the home State. Union Government should address the issue relating to difficulties faced by migrated people as regards education and employment on the basis of the caste certificate. Necessary changes be brought so as to benefit such affected people. As per 2011 census, the SC population got increased to 17 per cent and that of ST got increased to 9 per cent. Therefore I urge the Union Government that on the basis of the percentage of population, the percentage of reservation for SCs and STs should be enhanced. Tribal people have lost their rights towards forest produce. In order to protect forests, it is sad they are under the control of the Union Government. The forest dwellers, the tribal people are being displaced now and then. Moreover such forest areas are being given to corporate companies for their projects. It is gross injustice. The monopoly of producing the forest produce of the respective areas should be given to those people who live there. There should not be any

intervention of the corporate companies. I urge that the Government should bring a legislation in this regard. As regards pre-matric Scholarships, Hon Minister should find an immediate solution. I strongly condemn the Government for withdrawing the pre-matric scholarships given to students. It is unacceptable on the part of Viduthalai Siruthaikal Party. Several thousands of Crores are being given as loans to companies which later become NPAs and it is finally written-off. I am duty bound to state that withdrawal of scholarships meant for ST students by this Union Government is gross justice. I urge that scholarships for ST students should be restored soon. Thank you.

SHRI P. RAVINDHRANATH (THENI): Thank you, Chairman, Sir, for providing me this opportunity to express my views on the Constitution (Scheduled Tribes) Order (Second Amendment) Bill, 2022.

Sir, I had already made a request to the Government to include the Narikuravas in the list of Scheduled Tribes of the Centre in this august House on 5th April, 2022. At this juncture, I thank the hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji, and hon. Minister of Tribal Affairs Shri Arjun Munda ji for accepting this long-pending demand of Tamil Nadu and for considering my request and bringing this Bill.

Sir, I would also like to recall that it was AIADMK that has been vociferous in backing the rightful demands of our former Chief Ministers. In the very beginning, Puratchi Thalaivar MGR, the founder of our Party, took up the issue in 1980. Later on, the permanent General Secretary of our Party AIADMK, former Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma made this demand in 2013. Their demand for Scheduled Tribe status for this community is one that began way back in 1960s when the Lokur Committee recommended their inclusion in the ST category. This community has been a subject of years of oppression as they tend to live a nomadic life across the State. On that note, I have full confidence that this move by the NDA Government will go a long way in aiding them in their social, educational, and economic development.

Sir, I would like to bring to the kind attention of the hon. Minister the demand of the Koravar community from Tamil Nadu for inclusion in the ST category. The Tamil Koravar community has suffered years of oppression and social exclusion on account of their categorisation as criminal tribe by the Britishers. They are currently categorised under Most Backward Classes as de-notified communities. The Koravars are often confused with the Narikuravas, and this confusion creates obstacles in fulfilment of their demands.

In fact, this was pointed way back in 1985 by the second Tamil Nadu Backward Classes Commission. So, I request the hon. Minister to include Koravars, and also Bagada and Kuruman communities in the ST list of the Central Government.

Finally, I would like to seek a clarification from the Government with respect to the status of the ethnographic survey of 267 de-notified nomadic and semi-nomadic tribes, which was being conducted by the Anthropological Survey of India and the Tribal Research Institute. As we are aware, these communities currently do not feature in the SC, ST or OBC list. In the event the survey is still going on, I urge the Government to expedite the process in order to ensure equality, justice and welfare for these communities.

I have one more request to the Government. The Scheduled Tribe people are very strong and talented in sports. So, I request the Government to develop more infrastructure like grounds, and provide sports and gym equipment, etc., for those people.

With this, I support this Bill. Thank you.

SHRI S. VENKATESAN (MADURAI): Hon Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for this opportunity. On behalf of CPIM, I welcome this Constitutional Amendment Bill seeking inclusion of Narikkuravan and Kuruvikkaran communities to the ST list. At the same time, we have brought in two amendments to this Bill. The suffixes “n” in Narikkuravan and Kurivikkaran are disrespectful. Moreover these terms can only refer to masculine gender and not the feminine gender. Hence on behalf of CPIM, I urge that the names of these castes should be rendered in the common gender ending with “r” as Narikkuravar and Kuruvikkarar. Moreover, several recommendations from the State Government of Tamil Nadu for changing certain SCs to the list of STs are also pending with the Union Government. I urge that necessary constitutional amendments be brought before this House after due consideration of all the proposals sent by the State Government of Tamil Nadu. Thank you .

श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार): सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

सर, मैं इस विधेयक के सपोर्ट में हूं । तमिलनाडु सरकार और केन्द्र सरकार ने यह जो कदम उठाया है, यह बहुत अच्छा कदम है । मेरी आपके जरिए यही मांग है कि असम की छ: कम्युनिटीज़ -कोच राजवंशी, आदिवासी, अहोम, मोरान, मटक, सुतिया - वे लोग भी बहुत सालों से अपने को एस.सी. का दर्जा मिलने के लिए लड़ाई कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें इसके लिए न ही मना किया गया और न ही एस.सी. किया गया । दूसरी बात है कि हमारे असम के सरनीया कसारी, मोडाही, थेंगाल कसारी पहले से एस.टी. हैं, लेकिन सेन्ट्रल लिस्ट में उसी नाम से उन्हें डालने के लिए असम सरकार ने भेजा है । मेरा हमारे मंत्री महोदय से प्रश्न है कि वे कब तक सेन्ट्रल लिस्ट में आएंगे?

हाल ही में छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के साथ जो घटना हुई, पहले उनका 20 प्रतिशत कम हो गया, फिर 30 प्रतिशत आ गया, फिर अटक गया । हमारी सुप्रिया सुले जी हों या हनुमान बेनीवाल जी हों, जो लोग भी आरक्षण की मांग कर रहे हैं, चाहे जाट हों, चाहे मराठी हों, सबको अपना-अपना हिस्सा मिलना चाहिए । मुझे भी यही गुज़ारिश है ।

आदिवासियों को मेनस्ट्रीम में लाने के लिए यह जो पहल कर रहे हैं, यह बहुत अच्छी है, लेकिन जिस-जिस राज्य में यह काम अभी भी बाकी है, उसको एक साथ पूरा करेंगे तो अच्छा होगा । अभी, हाल ही में, राजस्थान में काटिक भील नामक आदिवासी एक्टिविस्ट को बेरहमी से मार दिया गया । उन्हें न्याय दिलाने के लिए सारे प्रदेश में आदिवासी लोगों को धरना-प्रदर्शन करना पड़ा । अभी हाल ही में, मैंने छत्तीसगढ़ विजिट किया, वहां भी बहुत सारे आदिवासी लोग, जो जंगलों में रहते हैं, उन्हें भी वन विभाग के लोगों ने बहुत धमकाया था । यह सिर्फ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में नहीं है, ऐसा बहुत सारे प्रदेशों में हो रहा है । मुझे लगता है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार और हमारे पार्लियामेंट को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि लोगों की अंतिम उम्मीद यही है कि पार्लियामेंट हमारे लिए कुछ करेगी ।

हाल ही में, यू.पी. में बहुत धरना-प्रदर्शन हो रहे हैं, क्योंकि वहां के नगर निगम में एस.टी. के दो रिज़र्व सीट्स भी हैं और वहां गोंड के बहुत सारे लोगों को एस.टी. में लाया गया है । वहां और ज्यादा लोगों को यह मिलना चाहिए, लेकिन नगर निगम इलेक्शन में उन्हें कोई रिज़र्वेशन नहीं मिला ।

लोगों को सिर्फ सर्टिफिकेट बनाने के लिए अपने पॉकेट से 10-15 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं । मुझे लगता है कि जैसे असम सरकार ने सर्टिफिकेट बनाने के लिए ऑनलाइन सिस्टम बनाया है, अगर ऐसा सिस्टम देश में फॉलो किया जाए, तो मुझे लगता है कि यह दिक्कत खत्म हो जाएगी ।

17.59 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

हम सारे आदिवासी एरिया में घूमे हैं और तभी पता चला कि लोग कितनी मुश्किल में जी रहे हैं । हमारी सरकार के पास आदिवासियों के लिए ऐसी बहुत-सी स्कीम्स हैं, लेकिन वे धरातल पर नहीं हैं ।

मेरा माननीय स्पीकर महोदय के जरिए माननीय मंत्री जी से यही आग्रह है कि आदिवासियों के लिए जितनी भी स्कीम्स हैं, वे 100 प्रतिशत इम्प्लीमेंट हों । उसमें करप्शन न हो, ऐसा बन्दोबस्त होना चाहिए ।

छत्तीसगढ़ में हाल ही में जो हुआ है, उसके लिए जरूर पहल करनी चाहिए और सरकार को दिशा-निर्देश देना चाहिए । हमारी पार्लियामेंट से लोगों को जो अंतिम उम्मीद है, उस पर खरा उतरना है ।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

18.00 hrs

-

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Thursday,December 15, 2022/Agrahayan 24, 1944 (Saka)

-

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

* Not recorded.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

** Introduced with the recommendation of the President.

* Introduced with the recommendation of the President.

* Not recorded.